**Title:** Need for proper fencing and provision of flood lights in the border areas of Rajasthan in order to stop infiltration and drug trafficking from Pakistan.

**श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) :** मान्यवर, जैसा कि आपको पता है कि राजस्थान की राजधानी जयपुर से मैं निर्वाचित होकर आता हूं।

**उपाध्यक्ष महोदय** : हाँ, मैं जानता हूँ।

**श्री गिरधारी लाल भार्गव** : इसलिए मैं आपसे निवेदन कर रहा हूँ कि राजस्थान प्रदेश इस समय हिन्दुस्तान का सबसे बड़ा प्रदेश है और इसकी बाउंड्री पाकिस्तान के साथ लगी हुई है। मेरा अनुरोध है कि जो तारगढ़ी का काम या फैन्सिंग बॉर्डर पर होना चाहिए, वह नहीं हो पा रहा है। वर्तमान समय में राजस्थान की पाकिस्तान से लगी बाउंड्री पर फैन्सिंग का काम शीघ्रातिशीघ्र होना बहुत आवश्यक है। वहां पर फ्लडलाइट्स लगें क्योंकि वहां से हथियारबंद लोग घुस आते हैं। जैसलमेर और बाड़मेर में काफी संख्या में ऐसे लोग जिनको हम आतंकवादी या घुसपैठिये कहते हैं, आकर बैठ गए हैं। निश्चित रूप से आप इस संबंध में विचार करें। मादक वस्तुएं पाकिस्तान से भारतर्वा में आती हैं। वहां की दशा बहुत खराब है। मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि राजस्थान की बाउंड्री जो पाकिस्तान से जुड़ी हुई है उसमें घुसपैठ रोकने के लिए, हथियारों का प्रवेश रोकने के लिए, मादक वस्तुओं को आने से रोकने के लिए शीघ्र ही तारगढ़ी का काम किया जाए, फ्लडलाट्स लगाई जाएं।